## क्विक रीड

### काऊ का खेड़ा में क्रूड ऑयल लीकेज, खेतों में फैला तेल

बाड़मेर (पंजाब केसरी): जिले के काऊ का खेड़ा गांव में ऑयल कंपनी के वेलपेड के पास क्रूड ऑयल लीकेज की घटना सामने आई है। लीकेज के बाद कच्चा तेल आसपास के खेतों में फैल गया। जिससे किसानों में चिंता और आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार केयर्न वेदांता की तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर लीकेज को नियंत्रित करने और मरम्मत कार्य में जुटी हुई है। कंपनी की ओर से स्थिति पर नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। वही प्रभावित किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। उनका कहना है कि कभी जमीन से फव्वारे की तरह तेल निकलता है तो कभी लीकेज हो जाता है, जिससे खेतों को नुकसान पहुंचता है और मकानों में दरारें तक आ जाती है। किसानों का दावा है कि वे तीन-तीन बार मकान बदल चुके हैं। किसानों के अनुसार, कंपनी और संबंधित थाने के अधिकारी कई बार सर्वे कर जांच व मुआवजे का आश्वासन दे चुके है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान और उचित मुआवजे की मांग की है।

### जवाई बांध पर कलाकारों ने उतारी प्रकृति की जीवंत तस्वीर

शिवगंज (पंजाब केसरी): शिवगंज-सुमेरपुर क्षेत्र में क्रियेटिव आर्ट ग्रुप द्वारा आयोजित लाइव पेन्टिंग कार्यक्रम में जवाई बांध स्थित हवामहल और आसपास के विहंगम दृश्यों को स्थानीय व उभरते चित्रकारों ने केनवास पर सजीव रूप में उकेरा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष कालूराम गर्ग और सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष आयोजित होने वाले स्नेह मिलन समारोह के तहत इस बार पहली बार उभरते चित्रकारों के साथ लाइव पेन्टिंग का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के वरिष्ठ व नवोदित कलाकारों ने हवामहल परिसर में बैठकर बांध, नहर और पहाड़ियों के प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रों में उकेरा। कार्यक्रम के अंत में सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान गणतंत्र दिवस पर चित्रकला क्षेत्र में सम्मानित हुए कालूराम गर्ग, प्रियंका सुथार तथा उदयपुर विश्वविद्यालय में अधोस्नातक पेन्टिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली हिना सुथार को पुष्पहार व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही समारोह के भामाशाह हिमानी-राजेन्द्र ललवानी का भी अभिनंदन किया गया।

### रसद विभाग ने आठ घरेलू सिलेंडर किए जब्त

शिवगंज (पंजाब केसरी): घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर राज्य सरकार द्वारा 16 से 27 फरवरी तक चलाए जा रहे अभियान के बावजूद लंबे समय से सुस्त पड़े सिरोही रसद विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे थे। रविवार को पंजाब केसरी में मामले के प्रमुखता से प्रकाशित होते ही विभाग हरकत में आया और सोमवार शाम को कार्रवाई शुरू की गई। रसद विभाग के अधिकारी विनोद कुमार व सोनम राणावत टीम के साथ शिवगंज पहुंचे। टीम ने नाश्ता बाजार में लारियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों से पकवान बनाते हुए पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए करीब 8 सिलेंडर जब्त किए। इसके बाद टीम छावनी बस स्टैंड क्षेत्र में मिष्ठान व्यवसायियों के गोदामों पर पहुंची और पुराना राजमार्ग स्थित जोधपुर कचोरी से करीब 2 सिलेंडर और जब्त किए। कार्यवाही की भनक लगते ही बाजार में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों और होटल संचालकों ने तत्काल सिलेंडर गायब कर दिए। इस दौरान कुछ व्यापारी अधिकारियों से उलझते भी नजर आए। हालांकि कार्रवाई के बावजूद शहर के कई हिस्सों में अब भी दुकानों और ठेलों पर घरेलू सिलेंडरों का उपयोग जारी दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अभियान के दौरान ही कार्रवाई होती है, बाकी समय विभाग मानो गहरी नींद में रहता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नियमित कार्रवाई होती, तो बड़ी संख्या में अवैध सिलेंडर पकड़े जा सकते थे।

### रोटरी क्लब के स्थापना दिवस पर किया रक्तदान

आबू रोड (पंजाब केसरी): रोटरी क्लब आबू रोड की ओर से क्लब अध्यक्ष डॉक्टर नितेश बंसल के नेतृत्व में रोटरी ब्लड बैंक जाकर अन्य रक्तदाताओं के साथ रोटरी सदस्यों ने रोटरी के 121 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान किया। इस अवसर पर क्लब सचिव विनय गोयल एवं वरिष्ठ सदस्य मुकेश गर्ग अमित गर्ग सहित 11 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर क्लब सदस्य महेश गर्ग, मनीष जैन, डॉ. अजय सिंगला, अभिषेक अग्रवाल उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ मामले में आरोपी गिरफ्तार

आबू रोड (पंजाब केसरी): आबूरोड क्षेत्र में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने गश्त के दौरान एक युवक को सार्वजनिक स्थान पर युवती से अश्लील हरकत और इशारे करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार 23 फरवरी को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला कांस्टेबल सुगन, सुंदर और कमल शांति कुंज पार्क में गश्त पर थे। इस दौरान एक युवक पार्क में मौजूद एक युवती के साथ आपत्तिजनक इशारे कर रहा था। पुलिस टीम ने चंदू राम पुत्र बाबूराम निवासी सिकला थाना अंबाजी, गुजरात को छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# दिनदहाड़े छात्र का अपहरण कर अंगुलियां तोड़ी, नाखून उखाड़े

## 12वीं की परीक्षा देने आया था, बोलेरो में पिटाई, सड़क किनारे फेंककर बदमाश फरार

बाड़मेर, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): जिले के बीजराड़ थाना क्षेत्र के जैसार गांव में सोमवार सुबह बारहवीं बोर्ड परीक्षा देने पहुंचे एक छात्र का दिनदहाड़े अपहरण कर बेरहमी से मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

बदमाश छात्र को स्कूल परिसर से जबरन बोलेरो में डालकर ले गए और करीब आठ-नौ किलोमीटर दूर सुनसान स्थान पर ले जाकर डंडों व बैट से पिटाई की। बाद में घायल अवस्था में सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। घटना सुबह करीब 8:15 बजे की बताई जा रही है। छात्र पॉलिटिकल साइंस का पेपर देने परीक्षा केंद्र पहुंचा था। इसी दौरान तीन-चार युवक स्कूल परिसर में घुसे और छात्र को जबरन उठाकर ले गए।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें छात्र बचाने की गुहार लगाता दिखाई दे रहा है। परिजनों के अनुसार हमले में छात्र का दाहिना हाथ और दो अंगुलियां फ्रैक्चर हो गईं, जबकि दो अंगुलियों के नाखून भी उखाड़ दिए गए। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है। स्कूल स्टाफ ने बताया कि कुछ शिक्षक प्रश्न पत्र लेने थाने गए हुए थे। मौजूद स्टाफ ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश छात्र को गाड़ी में डालकर ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### मामला दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिन आर्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा देने आए छात्र के अपहरण का मामला दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई है। घायल छात्र की हालत फिलहाल स्थिर है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है।

# बकरी चराने गए बालक पर लेपर्ड का हमला

पाली, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): पाली में बकरी चराने गए 12 साल के लड़के पर लेपर्ड ने हमला कर दिया। लेपर्ड ने लड़के के चेहरे पर झपट्टा मारा। इससे लड़का पहाड़ी से लुढ़क कर 12 फीट नीचे गिर गया। इसके बाद जोर-जोर से चीखने लगा। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण इकठ्ठा हुए और शोर मचाया तो लेपर्ड भाग निकला। मामला पाली के नाना थाना इलाके की ठंडी बेरी ग्राम पंचायत के निकट सरजू वाडी उरना गांव का 12:30 बजे है। युवक का इलाज सिरोही में चल रहा है। वन विभाग की टीम लेपर्ड की तलाश में जुटी है। बाली रेंजर महेंद्रसिंह ने बताया कि प्रकाश कुमार पुत्र भानाराम निवासी सरजू वाड़ी उरना सोमवार को नाना थाना क्षेत्र की ठंडी बेरी ग्राम पंचायत के पास पहाड़ी पर अपने साथियों के साथ बकरियां चराने गया था। इस दौरान पहाड़ी की ओट में छुपे लेपर्ड ने प्रकाश पर हमला कर दिया। लेपर्ड में प्रकाश के चेहरे पर पंजा मारा था। इससे बैलेंस बिगड़ने से प्रकाश पहाड़ी से लुढ़कते हुए नीचे गिर गया। हादसे में बालक के चेहरे पर घाव हुआ है। वन विभाग की टीम भी लेपर्ड की तलाश में जुटी हुई है। सरपंच प्रतिनिधि केसाराम गरासिया ने बताया कि घटना के समय पहाड़ी पर बकरियां चराते समय बच्चे खेल रहे थे। तभी लेपर्ड ने एक पर हमला कर दिया।

**झपट्टा लगते ही 12 फीट पहाड़ी से गिरने से गंभीर घायल**

# माधव विवि के विद्यार्थियों ने किया ब्रह्माकुमारी सोलर थर्मल पावर प्लांट का भ्रमण

आबू रोड, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): माधव विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण ब्रह्माकुमारी, आबूरोड स्थित सोलर थर्मल पावर प्लांट में आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीकरणीय ऊर्जा, सौर तकनीक तथा औद्योगिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सोलर थर्मल पावर प्लांट की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा। विशेषज्ञों ने बताया कि सौर प्लेटें सूर्य की किरणों को अवशोषित कर उन्हें ऊष्मा ऊर्जा में परिवर्तित करती हैं। इस ऊष्मा से पानी गर्म होकर भाप में बदलता है, जो टरबाइन को घुमाकर विद्युत उत्पादन करती है। विद्यार्थियों ने ऊर्जा उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा

और तकनीकी बिंदुओं पर विशेषज्ञों से चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गगन गोयल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक दशरथ परमार, अमित अग्रवाल, कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक कौशल बारोट, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल मीणा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक गढवी अभिमन्यु एवं सलीम अहमद उपस्थित रहे। आईटीआई स्टाफ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें प्राचार्य भरत कुमार पटेल, प्रशिक्षक राकेश कुमार, भरत मेघवाल एवं रघुवीर सिंह शामिल रहे। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। टीम से श्रवण कुमार, सूरज सिंह, रेहान एवं फिरदौस ने अपनी भूमिका निभाई।

# माधव कॉलेज की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

आबू रोड, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): माधव विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की 36वीं बैठक सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने की। बैठक में राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2015 के सरदार वल्लभ भाई पटेल पुरस्कार द्वारा सम्मानित तथा एस. के. राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर, कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर व राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पूर्व कुलपति डॉ. बी.आर. छीपा, विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट प्रो. राजीव माथुर, प्रो प्रेसिडेंट व फार्मास्यूटिकल साइंस अधिष्ठाता डॉ. सुशील भार्गव, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश

कुमावत, प्रॉक्टर डॉ आदेशपाल सिंह, रिसर्च डायरेक्टर डॉ. पवन कुमार, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह परमार, एकाउंटेंट हितेश देवासी, आईटी प्रमुख बादल कुमार एवं सदस्य सचिव सहित बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट सदस्य के रूप में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। सदस्य सचिव द्वारा बैठक के सभी एजेंडा बिंदुओं को क्रमवार प्रस्तुत किया गया, जिन पर गहन चर्चा के बाद सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से ध्वनिमत द्वारा पारित किया गया।

बैठक के दौरान बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विकास एवं प्रशासनिक सुदृढ़ता के लिए रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत के कार्यों की सराहना की। अंत में रजिस्ट्रार डॉ कुमावत ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# पेड़ से टकराई कार, दो की मौत, एक घायल

बालोतरा, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में सोमवार एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सोमवार शाम करीब 5:30 बजे जोधपुर-उमरलाई रोड पर मोरड़ा मामाजी मंदिर के पास हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार बालोतरा से जयपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खेजड़ी के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को बुलाया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जोधपुर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। मृतकों के शवों को सीएचसी कल्याणपुर की मोर्चरी में रखवाया है।

# रासलीला में रचे ब्रज के रंग

*जैसलमेर, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): जगाणी परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य जैनेन्द्र कटारा ने भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं का सजीव वर्णन किया। इससे पूर्व ब्रजधाम से आई रासलीला मंडली के कलाकारों ने कृष्ण राधा, गोपिकाओं के मनमोहक चरित्रों में मयुर नृत्य व रासलीला का मंचन कर उपस्थित श्रद्धालूओं को भावविभोर कर दिया। भागवत कथा सुनने छत्तीसगढ सरकार के पूर्व मंत्री अरुण वोरा पहुंचे। आयोजन समिति के बसंत पुरोहित ने बताया की मंगलवार को ज्ञानयज्ञ के अंतिम दिन सुदामा मिलन की पूर्णाहुति और व्यास पूजा, हवन का आयोजन किया जाएगा।*

# दो बाइक सवार युवकों पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रक, एक की मौत

सिरोही, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में उदयपुर-पालनपुर फोरलेन पर जनापुर चौराहे के पास एक सीमेंट से भरा ट्रेलर दो बाइक सवारों पर पलट गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, नांदिया निवासी बाघाराम पुत्र पूनमाराम मेघवाल और वीरवाड़ा निवासी मानाराम पुत्र अचलाराम मेघवाल अलग-अलग बाइक पर जा रहे थे। जनापुर चौराहे के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रेलर बेकाबू होकर उन पर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। दो क्रेन की मदद से सीमेंट और ट्रॉले को हटाया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बाहर निकाला जा सका। तब तक नांदिया निवासी बाघाराम मेघवाल की मौत हो चुकी थी। मानाराम मेघवाल के पैर में फ्रैक्चर था और उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। 108 एंबुलेंस से उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू किया।

# राज चिल्ड्रन एकेडमी में बच्चों ने जीवन कौशल पर तैयार किए प्रोजेक्ट

आबू रोड, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): करोटी मार्ग स्थित राज चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को कक्षा 11 कला एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए जीवन कौशल विषयक विशेष गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्लेषण, स्वस्थ जीवनशैली तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। जीवन कौशल प्रभारी निकिता जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। इनमें सेल्फ एनालिसिस पोर्टफोलियो, 'से नो टू एडिक्शन' अभियान, स्ट्रेस मैनेजमेंट तकनीक, हेल्थ एवं पर्सनल हाइजीन तथा साइबर सेफ्टी जैसे विषय शामिल रहे। विद्यार्थियों ने शोध आधारित प्रोजेक्ट तैयार कर पोस्टर और चार्ट के माध्यम से प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अभिषेक बटेसर ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि जीवन कौशल व्यवहारिक जीवन में सही निर्णय लेने और डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की समझ प्रदान करता है।

# मुर्गी फार्म की आड़ में लगाई एमडी ड्रग की फैक्ट्री

बाड़मेर, 23 फरवरी (पंजाब केसरी): राजस्थान में बाड़मेर का बॉर्डर एरिया लगातार नशा तस्करों का ठिकाना बनता जा रहा है। सेड़वा थाना इलाके के सिंहार गांव में मुर्गीपालन की आड़ में चली रही एमडी ड्रग फैक्ट्री को पुलिस और एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) ने पकड़ा है। एमडी बनाने के लिए 150 लीटर कैमिकल 15 ड्रम भरकर 40 किमी दूर धोरों में छुपा रखा था। कार्रवाई के दौरान एमडी ड्रग, पाउडर, रसायन और मशीनरी सहित करीब 8.50 करोड़ रुपए का सामान जब्त किया गया है। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तस्करों ने करीब 15 दिन पहले ही ड्रग बनाने का सेटअप तैयार किया था और एमडी की पहली खेप गुजरात सप्लाई करने की तैयारी में थे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### धोरों में छुपाए 15 केमिकल ड्रम, खेत मालिक गिरफ्तार

### फरवरी माह में चौथी बड़ी कार्रवाई

फरवरी महीने की यह चौथी बड़ी कार्रवाई है। सेड़वा के सिंहार गांव में दबिश देकर पुलिस ने ड्रग फैक्ट्री से 4 किलो 73 ग्राम तैयार एमडी, 34.746 लीटर लिक्विड केमिकल, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, अमोनिया, एसीटोन, 48 किलो 21 ग्राम सफेद व काला पाउडर तथा 540 ग्राम डोडा-पोस्त सहित बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 8.50 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने खेत मालिक आदम खान को गिरफ्तार किया है, जबकि करीम पुत्र अरबाब निवासी सिंहार और नवलाराम व जीयाराम निवासी दीपला सहित तीन आरोपी फरार है, जिनकी तलाश में विशेष टीमें जुटी है।

### सात माह में 5 फैक्ट्रियां पकड़ी

आरोपियों ने चालीस किमी दूर चौहटन थाना क्षेत्र के रोहड़ियों का तला, बावड़ी कल्ला में केमिकल के ड्रम छिपाकर रखे थे। यहां से 150 लीटर के तीन ड्रम और 5 लीटर के 12 ड्रम बरामद किए गए। एक संदिग्ध को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि बाड़मेर की सीमा गुजरात से सटी होने और भारतमाला हाईवे की उपलब्धता के कारण तस्करों को आवागमन में आसानी रहती है। पश्चिमी राजस्थान पहले से मादक पदार्थों की तस्करी के लिहाज से संवेदनशील रहा है। जल्दी पैसा कमाने की चाह में युवा इस अवैध कारोबार की ओर आकर्षित हो रहे है। पुलिस ने अवैध ड्रग तस्करों की सूची तैयार कर रखी है और उसी आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच धनाऊ थानाधिकारी को सौंपी गई है।

### ड्रग निर्माण का पूरा सेटअप मिला

पुलिस टीम ने सिंहार गांव में आदम खान के खेत पर दबिश दी। खेत में मुर्गीपालन के नाम पर बने दो कमरों के पीछे एक छप्पर में ड्रग निर्माण का पूरा सेटअप मिला। यहां अलग-अलग प्रकार के उपकरण, केमिकल की बोतलें, पाउडर और कांच की तीन बड़ी ट्रे में तैयार हो रहा मादक पदार्थ बरामद किया गया। एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया- रविवार को सेड़वा थाने के बीट कॉन्स्टेबल गंगाराम को सूचना मिली थी कि सिंहार गांव में एमडी की फैक्ट्री संचालित हो रही है। सूचना पर चौहटन डीएसपी जेठाराम और सेड़वा थानाधिकारी प्रभुराम मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचे। पूछताछ में सामने आया कि एमडी की पहली किश्त तैयार कर गुजरात समेत अन्य राज्यों में सप्लाई की तैयारी थी।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
(एआरएमबी) (824400) अचल संपत्ति प्रबंधन शाखा कार्यालय, जयपुर
2 नेहरू प्लेस, टोंक रोड, जयपुर; मेल आईडी: cs8244@pnb.bank.in
चल सम्पत्ति की विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

कर्ज-संसाधन की ओर जिसे कर्ज से आस्थियों/जमानतदारों को विशेषतः यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल सम्पत्ति जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिपत्य स्थानापन्न/भौतिक/प्रतिकात्मक रूप से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जो "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के नीचे दी गई तारीख में अधिमानित तिथि, अवधि/जमानतदारों से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि (धरोहर राशि) संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

ई-नीलामी दिनांक :- 27.03.2026; को समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

प्रतिभूत लेनदार की जानकारी

| शाखा कार्यालय | चल सम्पत्ति का विवरण (जमानती का नाम) | (ए) 13(2) नोटिस की दिनांक (बी) बकाया ऋण राशि (सी) कब्जा दिनांक (डी) कब्जे का प्रकार: भौतिक/स्थानापन्न/भौतिक/स्थानापन्न | (ए) आरक्षित मूल्य (बी) धरोहर राशि/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम दिनांक (सी) बोली वृद्धि राशि (डी) निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| शाखा कार्यालय-सीकरमंडी रोड | साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति का अंश व हिस्सा जिसमें संरचनाएं, निर्माण, स्थापनाएं आदि शामिल हैं, जो प्लॉट संख्या 9/58 (एसआईजी योजना) कुंदी भागसाली हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 243 वर्ग मीटर है। जो श्री मोहन सिंह लखावत पुत्र श्री नगत राम लखावत के नाम से है, | ए) 18-10-2024 बी) रु. 8,80,28,686.69 दिनांक 31.01.2026 तक बकाया सी) 11-02-2025 डी) सांकेतिक कब्जा | ए) रु. 67,00,000/- बी) रु. 6,70,000/- दिनांक 26.03.2026 को शाम 11.59 तक सी) रु. 1,00,000/- डी) 23.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे |
| सहायक/बंधककर्ता:- श्री मोहन सिंह लखावत पुत्र श्री नगत राम लखावत, श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रूपा राम, जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामानन्द शर्मा, जमानतदार- श्रीमती निर्मला कंवर भाया पत्नी श्री रणजीत सिंह | साम्यिक बंधक व्यावसायिक भूमि संपत्ति का अंश व हिस्सा जिसमें संरचनाएं, निर्माण, स्थापनाएं आदि शामिल हैं, जो खसरा नं. 1141/29 गांव तोगावास, एलएच 65 तह. पुरोहित जिला पाली में स्थित है, जो श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रूपा राम के नाम से है, क्षेत्रफल 869.37 वर्गमीटर है। | | ए) रु. 21,76,000/- बी) रु. 2,17,600/- दिनांक 26.03.2026 को शाम 11.59 तक सी) रु. 50,000/- डी) 23.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे |
| सहायक/बंधककर्ता:- श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रूपा राम, रणजीत सिंह लखावत पुत्र श्री पवन सिंह लखावत | साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति का अंश व हिस्सा जिसमें संरचनाएं, निर्माण, स्थापनाएं आदि शामिल हैं जो प्लॉट संख्या 39, मिलान संख्या 76/20 17-18 ग्राम पंचायत कुंडा राम पंचायत चामलावी जोधपुर में स्थित, जो श्री रणजीत सिंह लखावत पुत्र श्री पवन सिंह लखावत के नाम से है, क्षेत्रफल:- 336.02 वर्गमी. | | ए) रु. 18,78,000/- बी) रु. 1,87,800/- दिनांक 26.03.2026 को शाम 11.59 तक सी) रु. 50,000/- डी) 23.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे |

शर्तें व निबंधन:- बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के निम्नलिखित शर्तों और निबंधनों के अधीन होगी। 1. सम्पत्ति को "जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है" के तहत से बेचा जाएगा। 2. इस अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्रदत्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों के ऊपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत वर्णन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. संपत्तियों बिक्री https://baanknet.com की वेबसाइट पर उपलब्ध वर्णित विभागीय पृष्ठ सभा पर ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 4. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबंधन और शर्तों के लिए कृपया देखें https://baanknet.com. देखें। 5. प्रोफाइल ई-नीलामी सेवाप्रदाता मैसर्स मेटाबली एनालाइट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान की जाएगी जिनका संपर्क कार्यालय यूनिट नं. 1, तृतीय तल, MIDC कॉर्पोरेट ऑफिस, वसंत ट्रक टर्मिनल के पास, वसंत ओस्र, मुम्बई-400601 में है (हेल्प डेस्क नं. +91-8291220220, ईमेल आईडी: support.baanknet@psballiance.com)

दिनांक: 20.02.2026; स्थान: जयपुर
सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना
प्राधिकृत लेनदार, प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक